प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

पंचायत चुनाव

राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की आज घोषणा कर दी है और इसके साथ ही प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहित लागू हो गई है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने आज शिमला में चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव में 50 लाख 79 हज़ार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

अनिल खाची ने कहा कि इन चुनावों के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन दाखिल होंगे जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उन्होंने बताया कि 14 व 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के मतों की गिनती मतदान पूरा होने के बाद उसी दिन पंचायत मुख्यालय में होगी, जबकि पंचायत समिति व ज़िला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई को होगी। उन्होंने बताया कि कुल 31 हज़ार एक सौ 82 पदों के लिए चुनाव करवाया जाएगा जिसमें से 15 हज़ार 6 सौ 56 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी कभी भी प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। कांगड़ा दौरे के दौरान आज धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में युवा चेहरों को तवज्जो दी जाएगी और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा की एक बैठक पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आज शिमला में आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और सहप्रभारी संजय टंडन सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में मण्डी, सोलन, पालमपुर और धर्मशाला चार नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत पार्टी नेताओं ने स्थानीय मुद्दों, संगठनात्मक मज़बूती और जन संपर्क को केन्द्र में रखते हुए चुनावी खाका तैयार किया। राजीव बिंदल ने कहा कि नगर निगमों में चुनाव पार्टी सिंबल पर होने जा रहे हैं, ऐसे में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता के बीच ले जाकर उनका पर्दा फाश करेगी।

बैठक

राज्य पथ परिवहन निगम चालक यूनियन की त्रैमासिक बैठक आज धर्मशाला में आयोजित की गई। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में निगम के चालकों की समस्याओं पर मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि चालकों के ओवर टाइम नाइट, एरियर और भर्ती के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यूनियन ने निर्णय लिया है कि निगम में चालकों की भर्ती, बसों की खराब हालत और स्पेयर पाट्र्स व मैकेनिकों की कमी जैसी मांगों को लेकर इसी महीने प्रबंधन को एक मांग पत्र दिया जाएगा।

कमोडोर

हमीरपुर जिला के डोह गांव निवासी भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी एयर कमोडोर भूपेन्द्र सिंह कंवर को पदोन्नत कर एयर वाईस मार्शल बनाया गया है। वे सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा से एयर कमोडोर बनने वाले और एयर वाईस मार्शल पद पर पहुंचने वाले पहले अधिकारी हैं। एयर वाईस मार्शल भूपेन्द्र सिंह कंवर ने गत 13 अप्रैल को असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टॉफ का पदभार ग्रंहण किया। उनकी ये उपलब्धि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और क्षेत्र में खुशी की लहर है।

....